### खबर संक्षेप

## जिले में अब तक 726 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 3 अगस्तश तक कुल 726 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 973 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 535.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 35.5 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 743.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 973 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 632 मिलीमीटर, बरही तहसील में 574 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 679.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 675.4 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 844.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 683 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## आदतन अपराधी को हर माह थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने दुर्गा मंदिर के पास राबर्ट लाईन थाना माधवनगर निवासी अजय उर्फ अज्जु लालवानी पिता धनश्यामदास लालवानी 28 वर्ष के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना माधवनगर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अजय के विरूद्ध अब तक 23 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये जा चुके हैं। इसमें घर में घुसकर चोरी करना, धमकी देना, अवैध हथियार कब्जे में रखना, मानव जीवन को संकट में डालना, सट्टा खिलाना, जुआ खेलना, शासकीय कार्य में बाधा डालना एवं अवैध वसूली करना जैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अजय के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी की गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। अजय लालवानी द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक हर माह थाना माधवनगर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## पिकअप की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**कटनी।** तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्क्र मार दी। हादसे में घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल भिजवाते हुए पुलिस ने पिकअप को जप्त कर लिया है। हादसा कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत खडौला नदी के पास रविवार शाम करीब 4 बजे हुआ। बताया जाता है कि बाइक सवार युवकों को टक्कर मारते हुए पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया था, हादसे के बाद से पिकअप चालक फरार बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम घघरी कला निवासी 32 वर्षीय उदय भान सिंह पिता सोहन सिंह बाइक में पेट्रोल भरवाने घर से ग्राम चनहटी के पास स्थित पेट्रोल पंप गया था। पेट्रोल भरवाने के बाद जब वह घर वापस लौट रहा था इसी दौरान खड़ौला नदी के पास पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर मारते हुए पिकअप क्रमांक एमपी 21 जेड डी 5746 अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में उदय भान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि खड़ौला निवासी 22 वर्षीय आनंद चौधरी एवं खड़ौला निवासी 48 वर्षीय रामस्वरूप चौधरी घायल हो गए।

### जुजावल का मामला, सरपंच ने कलेक्टर को शिकायत सौंप कार्रवाई करने की मांग

# सरकारी भूमि पर कब्जा कर खेती करने हजारों हरे भरे पेड़ों की कर दी गई कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन बनाये रखने के लिए जहां प्रशासनिक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वृहद स्तर पर पौधेरोपण किया जा रहा है लेकिन ग्राम पंचायत की पर्यावरण को लेकर की जाने वाली मेहनत पर कुछ लोगो द्वारा पानी फेरा जा रहा है। ताज़ा मामला स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत जुजावल का सामने आया है जहाँ सरकारी नर्सरी पर लगे हजारों हरे भरे पेड़ पौधो का कत्लेआम कर दिया गया। चारो ओर हरियाली से आच्छादित नर्सरी अब वीरान लग रही है।

इस मामले की शिकायत ग्राम पंचायत सरपंच रामकृपाल हल्दकार ने जुजावल मे आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम मे कलेक्टर को शिकायत सौंप दबँगो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सरपंच ने सौंपी हुई शिकायत के माध्यम से बताया कि ग्राम पंचायत जुजावल में स्थित भूमि खसरा न.06, 08, 10, 11, 12, 15, 16 एवं अन्य नंबरों में टेंच लाइन चारों तरफ खोदकर ग्राम पंचायत के द्वारा पौधेरोपण किया गया था। वर्ष 2017 से उस स्थल को नर्सरी के रूप मे तैयार कर हर वर्ष पौधेरोपण का क्रम जारी हैं। वर्ष 2017-18 से वर्ष वर्ष 2018-19 मे विभिन्न खसरो नंबरों पर वृक्षारोपण पर 26 लाख 80 हजार रूपये की राशि व्यय की गईं जिसमें आम, अमरुद, सागौन, बांस आदि पौधे लगाए गए थे जो पेड़ के आकार में परिवर्तित हो गए। वर्तमान गाँव के कुछ लोगों के द्वारा दबँगता पूर्वक सरकारी नर्सरी के अंदर के पेड़ पौधे काटकर भूमि की सफाई कर खेती के लिए कब्जा किया जा रहा है।

पूर्व मे स्लीमनाबाद तहसीलदार को शिकायत की गईं थी तों कुछ लोगों ने कब्जा हटा लिया था लेकिन अभी भी कुछ लोगों के द्वारा दबँगता के साथ कब्जा किया गया हैं जिसमें लल्लू सिंह साल्हेभार के द्वारा खसरा नंबर 6(2),अजय सिंह साल्हेभार खसरा न. 6(3),बबलू सिंह खसरा न. 6(4),रामकुमार सिंह निवासी जुजावल खसरा न.8(5),अशोक सिंह साल्हेभार खसरा न. 8(6) एवं मुकेश पिता रामदयाल, रामदयाल पिता गुन्नू निवासी जुजावल के द्वारा खसरा न. 11,12 व अन्य लोगों के द्वारा खेती करने सरकारी नर्सरी से हरे भरे पेड़ पौधो का कत्लेआम किया गया है। यदि जल्द से जल्द इन अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो पूरी सरकारी नर्सरी से पेड़ -पौधे काटकर अलग कर दिए जायेंगे।

### एसडीएम को कब्जा हटाने निर्देश

जनसंवाद कार्यक्रम में जब सरपंच इस विषय की शिकायत कलेक्टर को दी तों कलेक्टर दिलीप यादव ने बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया को सरकारी नर्सरी से कब्जा हटाने आदेशित किया।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया ने बताया कि ग्राम पंचायत जुजावल में सरकारी नर्सरी से पेड़ पौधो को काटकर खेती करने सरकारी भूमि पर कब्जा करने का मामला जनसंवाद में आया है। सरकारी नर्सरी पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी।



## निगमायुक्त ने बाजार का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें रक्षाबंधन के पूर्व सुभाष चौक मुख्य बाजार का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए है,इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद अवकाश जायसवाल मौजूद रहे । श्री पाठक नें निरीक्षण के दौरान बाजार में भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

श्री पाठक ने मौके पर उपस्थित निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाजार में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसकी समुचित व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित की जाए,अस्थाई व्यापारियों एवं शहर के नागरिकों से चर्चा करते हुए कहा कि, किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर उनसे सीधे बात कर सकते है । निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें जानकारी देते हुए बताया कि,जहां राखी और अन्य संबंधित वस्तुओं की बिक्री अधिक होती है उन स्थानों में अतिरिक्त, साफ-सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावेगी ताकि त्योहार के दौरान कोई भी अव्यवस्था न हो।

### साफ-सफाई का रखे ध्यान

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कहा कि नगर निगम द्वारा बाजारों में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाना आवश्यक है,कचरा संग्रहण और निपटान की उचित व्यवस्था करानें हेतु श्री पाठक नें संबंधित विभाग प्रमुख को निदेर्शित किया है,ताकि बाजारों में गंदगी न फैले और शहर स्वच्छ लगे । श्री पाठक नें त्योहार के दौरान मुख्य बाजार में उत्तम प्रकाश व्यवस्था करानें हेतु संबंधित को निर्देशित किया है ।

## जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर हरियाली का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों को गति देने हेतु अमृत हरित अभियान अन्तर्गत रविवार को बालगंगाधर तिलक वार्ड स्थित सरला नगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, स्थानीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, पार्षदों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधा रोपण कर हरियाली का संदेश दिया। सर्वप्रथम गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा मंत्र उच्चारण किया गया तदोपरांत समस्त जनप्रतिनिधियों ने अमरूद, आवला, जामुन, शीशम इत्यादि विभिन्न प्रजाति के 200 फलदार-फूलदार पौधे रोपित किए।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने वृक्षों के संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं क्योंकि वे ऑक्सीजन का उत्पादन,वायु प्रदूषण को कम करते हुए मानव जीवन को स्वास्थ्य प्रदान करते है तो वहीं ये वन्यजीवों को भी भोजन व आवास प्रदान करते हैं।जब हम किसी नए आवासीय परियोजना की शुरुआत करते हैं, तो हम धीरे-धीरे पेड़ों के जीवन को नष्ट करते जाते है किंतु किसी समृद्ध शहर का विस्तार करने व नये आवास के निर्माण हेतु हमें स्वास्थ्य वातावरण की आवश्यकता होती है जिसके लिये हमें पौधों को स्थान देते हुए उन्हें संरक्षण देना होगा।जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित होगा और हम भी स्वस्थ्य होंगे और साथ ही हमारा शहर भी सुंदर स्वच्छ व हरा भरा होगा। पौधारोपण कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में स्थानीय पार्षद श्रीमती वंदना यादव द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को भगवान श्री राम के बालस्वरूप चित्र को स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, सुनीता कमलेश चौधरी, अवकाश जायसवाल, पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पीतांबर तोपनानी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, कमलेश चौधरी, मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, संजू गर्ग, मोहनलाल विश्वकर्मा, सोनू ठाकुर,जगदीश सिंह भदौरिया, आकाश गुप्ता,प्रकाश पटेल,पी.एस दुबे, एस.के चतुर्वेदी आदि मौजूद थे

### बरही रोड में रोजाना जाम की समस्या से लोग परेशान



नगर के बरही रोड में रोजाना जाम की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं। खासकर शाम के समय यह समस्या ज्यादा बढ़ जाती है। रविवार अवकाश को तो घंटों फजीहत होती है। ऐसा भी नहीं है कि अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी नहीं है। सब कुछ देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है। दरअसल बरही रोड में माल तथा होटल, रेस्टोरेंट आदि के कारण लोग दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों से आते हैं। अपना वाहन मनमाने तरीके से सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। रविवार की शाम इस मार्ग में लंबा जाम लग गया जिसमें लोग फंसे रहे। स्टेशन चौराहे से लेकर बरही रोड के बीच यातायात पुलिस नदारद रहती है जिससे लोग वाहन जहां तहां पार्क कर देते हैं इससे समस्या बनती है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को धूमधाम से बनाने बैठक में बनाई गई रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव 16 अगस्त को बहोरीबंद मै धूमधाम व भव्यता के साथ मनाया जायेगा। यादव सामाजिक विकास मंच रुपनाथ धाम के द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भव्यता व धूमधाम मनायेगा जिसके लिये रविवार को मरही माता खाटू श्याम मंदिर मै यादव सामाजिक विकास मंच की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई जिसमें नंदलाल का जन्मोत्सव ऐतिहासिक भव्यता के साथ मने यादव सामाजिक विकास मंच के सदस्यों ने विचार रखें।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशाल वाहन शोभायात्रा निकालने, मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित करने सहित अन्य विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने रुपरेखा तैयार की गईं। यादव सामाजिक विकास मंच के सदस्यों ने बतलाया कि 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हैं। इससे पहले 11 अगस्त को पुन सामाजिक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें रुपरेखा को अंतिम दौर दिया जायेगा। बैठक में यादव समाज के लोग पहुंचें ओर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने को लेकर अपना सहयोग देवे।इस दौरान यादव सामाजिक विकास मंच अध्यक्ष रामनरेश यादव, प्रवीण यादव, विपिन यादव,राजकुमार यादव, हेमराज यादव, पुनऊराम यादव, दीपक यादव, सुरेंद्र यादव सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### निमास में 25 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

## सरपंच के ससुर ने सामुदायिक भवन बनाने सरकार को दान में दी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



गाँवो का सर्वागीण विकास हो इसके लिए ग्राम सरकार की महत्वपूर्ण जवाबदेही होती हैं। ग्राम पंचायत को विकास के लिए राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा राशि प्रदान की जाती हैं। गाँव का विकास तभी संभव हैं जब सरपंच दृढसंकल्पित हो ओर विकास कार्यों को लेकर रूचि रखता हो साथ ही विकास कार्यों के लिए गाँव में सरकारी भूमि का भी होना नितांत आवश्यक हैं लेकिन बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायत निमास जहाँ सरकारी भूमि के अभाव सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य नहीं हो रहा था। ऐसे में ग्राम पंचायत निमास सरपंच विनीता नायक के ससुर रामदत्त नायक ने प्रेरणादायक मिशाल पेश की। रामदत्त नायक ने अपनी निजी जमीन सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सरकार को दान में दी।

रामदत्त नायक की इस दरियादिली की क्षेत्र के लोग सराहना कर रहे ओर कह रहे हैं कि कही अगर विकास को लेकर भूमि की आवश्यकता पड़ती हैं तों निमास निवासी रामदत्त नायक जैसे कदम उठाने चाहिए क्योंकि इनके जैसे दानदाता विरले ही हैं।

रामदत्त नायक के द्वारा सरकार को पांच आरे जमीन अनुमानित लागत जिसकी तीन लाख रूपये हैं, सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दान दी जिसके बाद निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के द्वारा 25 लाख रूपये की लागत राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। सामुदायिक भवन बन जाने से गाँव मै शादी विवाह, सामाजिक बैठक सहित अन्य कार्यक्रम सहजता हो सकेंगे।

ग्राम पंचायत निमास सरपंच पति वीरू नायक ने बताया कि इससे पहले गाँव मै सरकारी माध्यमिक शाला भवन बनाने के लिए जमीन नहीं थी तों हमारे पिता रामदत्त नायक ने ही स्कूल निर्माण के लिए जमीन दान दी थी साथ ही अन्य मार्गो के लिए भी जमीन दान दी गईं है जिससे गाँव का सर्वागीण विकास हो सके ओर गाँव की जनता को सीधा लाभ मिल सके।

### विकासखंड स्तरीय खेलकूद चयन प्रतियोगिता का हुआ समापन

## चयनित खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्राप्त किया उच्च स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विकासखंड स्तरीय खेलकूद चयन प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को एसीसी रामलीला मैदान, कैमोर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती एनेड एफ. बिस्वास (सीएसआर हेड, अडानी ग्रुप) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवी स्कूल प्राचार्य जी.के. उदगाटा, एसीसी स्कूल प्राचार्य सुधांशु मिश्रा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला कटनी से श्रीमती उमा चड़ार उपस्थित रहीं।

आयोजन प्रभारी रवि कुमार बेन, विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी द्वारा 15 जुलाई से 2 अगस्त तक संचालित प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विकासखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उच्च स्तर पर स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीयावाला के कुशल मार्गदर्शन, प्रमोद डेहरिया के विशेष सुझावों एवं सहयोग से तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आनन कोरी की विशेष निगरानी और मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु एच आर हेड दिनेश पाठक, सीएसआर हेड श्रीमती एनेड एफ बिस्वास, अमिताभ राजन एसीसी अडानी कंपनी को मैदान एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु तथा श्वेतांक तिवारी एवरेस्ट कंपनी एच आर हेड को सहयोग प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया गया। एसीसी स्कूल एवं डीएवी स्कूल द्वारा खेल सामग्री, परिसर एवं अन्य संसाधनों के सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

प्रतिभागियों के निष्पक्ष चयन एवं खेल संचालन में योगदान देने वाले कोच एवं चयनकर्ताओं वीरेंद्र सिंह, नारायण दत्त द्विवेदी, श्रीमती सुचिता उसरेटे, जितेश विश्वकर्मा, सुजीत पयासी, अंकित श्रीवास, बालचैतन्य पयासी, श्रीमती वंदना डेविड, जितेंद्र तिवारी का भी मंच से अभिनंदन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतियोगिता के दौरान निरंतर सेवाएँ दी गईं। डॉ. विनोद कुमार एवं सुपरवाइजर अशोक महोबिया के निर्देशन में सीएचओ श्रीमती रुक्मणी साहू, कु. पल्लवी कुलस्ते, आशा कार्यकर्ता श्रीमती सावित्री कुम्हार एवं श्रीमती अनुराधा नागर ने हर खेल दिवस को मैदान में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य की देखभाल की।

मुख्य वक्ता श्रीमती एनेड बिस्वास ने बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करते हुए अडानी ग्रुप द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अन्य वक्ताओं में प्राचार्य द्वय उदगाटा एवं मिश्रा, श्रीमती सुचिता उसरेटे, सुजीत पयासी, के सिंह आदि ने बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु प्रेरक उद्बोधन दिए। समारोह के अंत में आयोजन प्रभारी रवि कुमार बेन द्वारा प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी विभागों,अतिथियों एवं सहभागियों का आभार प्रकट किया गया।

## मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिनगौड़ी में शारदा मंदिर के समीप तेज रफ्तार मिनी ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक को मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ भेजा गया जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज किया।

### हादसे में घटना स्थल पर ही हुई युवक की मौत

पुलिस के अनुसार ग्राम हंतला निवासी सुखीलाल उर्फ हरप्रसाद लोधी 48 साल अपने साथी सिद्धू लोधी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर ग्राम सिनगौड़ी गया था। जब उक्त बाइक सवार युवक वापस अपने गांव हंतला लौट रहे थे तभी सिनगौड़ी में शारदा मंदिर के पास हादसे का शिकार हो गए। सामने से आ रहे तेज रफ्तार मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 19 जेडएच 9354 ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में सुखीलाल लोधी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसका साथी सिद्धू लोधी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## खबर संक्षेप



### रीवा पुणे नई ट्रेन का कटनी स्टेशन में किया गया स्वागत

**कटनी।** रीवा पुणे एक्सप्रेस ट्रेन के कटनी पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने ट्रेन की भव्य अगवानी की ट्रेन के लोको पायलट को फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। ट्रेन के कटनी पहुंचते ही जोरदार नारेबाजी के बीच बोगियों में पुष्प वर्षा की गई। यात्रियों का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा कि हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है कि कटनी को पुणे के लिए सीधी ट्रेन प्राप्त हुई। उन्होंने इस ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, सांसद विष्णुदत्त शर्मा का आभार जताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नई ट्रेन से यात्रियों को मिलने वाली सहूलियत को बताया। कार्यक्रम में मौजूद निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने इस ट्रेन के लिए रेल मंत्रालय सहित सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। ट्रेन के स्वागत उपरांत भाजपाजनों ने निर्धारित स्टॉपेज के उपरांत प्रस्थान पर हरी झंडी दिखाकर रेल गाड़ी को रवाना किया।

### बका लेकर दहशत फैला रहे युवक को पकड़ा

**कटनी।** बड़वारा शासकीय कॉलेज के सामने एक ब्यक्ति को लोहे का धारदार बका लहराते हुए पुलिस ने पकड़ा। जानकारी देते हुए बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि शासकीय कॉलेज बड़वारा गेट के सामने एक व्यक्ति लोहे का धारदार बका लहराकर लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना के आधार पर मौके पर जाकर देखा गया तो एक व्यक्ति लोहे का धारदार बका लहराते हुए मिला। घेराबंदी कर बका लहराते हुए राजकुमार गोंड़ पिता सीताराम गोंड़ 30 साल निवासी ग्राम कूड़ो थाना बड़वारा को पकड़ा गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना बड़वारा में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. केके पटेल, सउनि रामनाथ साकेत, सउनि विक्रम सिंह, प्र.आर. बीरेन्द्र कुमार चढ़ार, आर. गौरीशंकर राजपूत, आर. रवि कोरी, आर. बृजलाल प्रजापति, आर. शिवप्रकाश तिवारी की भूमिका रही।

### पर्दाप्रथा की बेड़ियों से निकलकर संगीता ने लिखी समृद्धि की इबारत

**कटनी।** मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मी और पर्दा प्रथा की बेड़ियों में जकड़ी संगीता काछी का परिवार आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा था। घर से बाहर निकलने की मनाही और परिवार की दयनीय स्थिति ने उनके सपनों को पंख नहीं दिए थे, लेकिन स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद संगीता की जिंदगी ही संवर गई। विकासखंड बहोरीबंद निवासी संगीता ने हर्ष स्वग-सहायता समूह से जुड़कर न केवल खर्चों में कटौती कर बचत करना सीखा, बल्कि बुक कीपिंग, कृषि सखी कार्य और मिशन के मार्गदर्शी बिंदुओं का गहन प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण ने उन्हें कृषि सीआरपी (कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन) के रूप में कार्य करने का अवसर दिया। आज वे अपने गांव के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर भी अन्य ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर रही हैं। संगीता ने समूह से 1 लाख रुपये का ऋण लेकर जैविक तरीके से सब्जी का उत्पादन शुरू किया। उन्होंने भूनाडेप और केंचुआ खाद का निर्माण घर पर ही करके खेती के खर्चों में भारी कटौती की। सब्जी उत्पादन के अलावा, उन्होंने फसल सीजन के अनुसार गेहूं, धान और दलहन का भी उत्पा दन शुरू किया, जिससे उन्हें मासिक 7हजार रुपये तक की अतिरिक्त आय होने लगी। आज उनके सभी स्त्रोतों से कुल मासिक आय 17हजार से 17हजार 500 रुपये के बीच है। आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ, संगीता ने सामाजिक बदलाव में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों के महत्व का प्रचार किया और ग्रामीणों को जैविक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया।

#### शहरी से लेकर ग्रामीण मार्गों में बड़ी संख्या में घूम रहे मवेशी, आए दिन हो रहे हादसे

# कागजी खानापूर्ति के लिए आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



राष्ट्रीय राजमार्ग सहित शहरी व ग्रामीण मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों की वजह से न सिर्फ आवागमन बाधित होता है बल्कि आए दिन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। कई बार हादसों में लोगों की जान तक चली जाती है, दूसरी ओर भारी वाहनों की टक्कर से मवेशियों की मौत भी हो जाती है। हादसों को रोकने एवं आवागमन सुलभ बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सड़कों में आवारा मवेशियों को पकड़ने एवं पशु पालकों पर कार्यवाही के आदेश जारी किये लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी आदेश की खानापूर्ति के लिए छुटपुट कार्यवाही करने तक ही सीमित है।

शहरी क्षेत्र में ही यदि अधिकारी भ्रमण करें तो हर मार्ग में बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों में घूमते मिल जाएंगे। ग्रामीण मार्गो में तो हालत और गंभीर है। स्लीमनाबाद से बहोरीबंद,पान उमरिया, बिलहरी, कुआँ मार्ग सहित अन्य मार्गो रपर जगह -जगह मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है जिससे राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

### फसलों को पहुँचा रहे नुकसान

बारिश के दिनों में आवारा मवेशी कीचड़ से बचने सूखी जगह में बीच रोड पर बैठते हैं। अंधेरा होने या चालक की असावधानी से वाहन मवेशियों से टकराते है। इस वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होती है। वहीं आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से किसान भी परेशान है। मार्गो के किनारे लगे खेतों मे आवारा मवेशी घुसकर किसानों द्वारा बोई गईं खरीफ फसल को नुकसान पहुँचा रहे है जिससे किसानों को नुकसान पहुंच रहा है।

गौरतलब है कि गत वर्ष जिले मै आवारा मवेशियों की सड़क हादसों पर मौत न हो इसके लिए विशेष रूप से कलेक्टर के निर्देशन पर ग्राम पंचायत स्तर पर ख़ासकर हाइवे के आसपास संचालित ग्राम पंचायतो पर विशेष रूप से अभियान चलाया गया था ठीक उसी प्रकार का अभियान इस वर्ष भी चलाने की नितांत आवश्यकता है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि कलेक्टर के द्वारा जारी प्रतिबँधात्मक आदेश का पालन सख़्ती से बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र मे कराया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतें इस अभियान की जवाबदेही निभाए इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए हैं!यदि किसी ग्राम पंचायत के द्वारा लाफ़रवाही बरती जा रही हैं तों संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।



## 64 हजार रूपये से अधिक की अवैध शराब हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन को रोकने के लिए जिले भर में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मेंआबकारी विभाग ने कटनी और बड़वारा क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई कर भारी मात्रा में अवैध शराब और महुआ लाहन जब्त किया है।

आबकारी विभाग की टीम ने वृत्त कटनी क्रमांक 02 के ग्राम निमियाहार, अधारकाप, और चक्की घाट के साथ-साथ वृत्त बड़वारा के ग्राम सलैया सिहोरा में छापे मारे। इस कार्रवाई में कुल 615 किलोग्राम महुआ लाहन, 33 पाव देशी प्लेन और मसाला शराब बरामद की गई। जब्त किए गए शराब की अनुमानित कीमत लगभग 64 हजार 285 रुपये है।

इस कार्रवाई में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 8 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 6 मामले कटनी वृत्त क्रमांक 02 और 2 मामले बड़वारा वृत्त में दर्ज किए गए हैं।

छापामार दल में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, आबकारी उपनिरीक्षक केशव प्रसाद उइके, अतुल कुटार, के. के. पटेल, और आबकारी आरक्षक राजेश गौटिया, सी. पी. त्रिपाठी, राम सिंह, किशन लाल और प्रभुलाल सेन शामिल थे।

*मामलों में लंबी अविधक की पेशी नहीं बढ़ाएंगे अधिकारी*

## कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्वक विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान राजस्वम विभाग के अंतर्गत लंबित नामांकन, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य- महत्वेपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा करते हुये अधिकारियों को आवश्यरक दिशा-निर्देश दिए.इस दौरान अपर कलेक्टंर साधना परस्ते भी मौजूद रही।

कलेक्टार श्री यादव ने सभी राजस्व अधिकारियों को लोकसेवा के तहत लंबित सीमांकन के मामलों को एक सप्ताह के भीतर निपटाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अभिलेख दुरुस्ती के मामलों का निपटारा उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए और हाथ से लिखे हुए आदेश जारी न किए जाएं।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि पटवारी से प्राप्त प्रतिवेदन पर तहसीलदार अपना अभिमत और परीक्षण बिंदु देंगे, जिसके बाद सभी संबंधित पक्षों को बुलाकर सुनवाई करेंगे और फिर ही कोई आदेश जारी करेंगे। कलेक्टर ने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि खसरा और नक्शा सुधार से जुड़े मामलों में सभी पक्षों की बात सुनने के बाद ही आदेश जारी किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे आदेश बनाने के लिए कहा जो बाद में निरस्त न हों, जिससे कानूनी जटिलता से बचा जा सके।

बैठक में कलेक्टरर श्री यादव ने प्रमुख सचिव के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, और सीमांकन जैसे राजस्व मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी एसडीएम को यह भी निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों पर अमल की समीक्षा करें।

कलेक्टर श्री यादव ने सरफेसी एक्ट से संबंधित मामलों में न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के आधार पर ही कार्रवाई करने का निर्देश दिया और सभी तहसीलदारों को इन मामलों की समीक्षा कर उनका निराकरण करने के लिए कहा। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजस्व अधिकारी मामलों में लंबी अवधि की पेशी नहीं बढ़ाएंगे। इस पर जिला स्तर पर नियमित निगरानी रखी जाएगी। इन निर्देशों का उद्देश्य राजस्व मामलों के त्वरित और पारदर्शी निपटारे को सुनिश्चित करना है।

#### धरती को हरा भरा बनाने निकाली गई हरियाली यात्रा



वसुन्धरा को हरा भरा बनाने के लिए जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के खमतरा सेक्टर के कोठी गांव में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकाली गई। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवालके निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था गूंडा के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोठी के सहयोग से गांव में कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सीताराम मरावी,जनपद सदस्य सुषमा मरावी,सचिव धन सिंह,पूर्व सरपंच चंद्रशेखर पटेल के द्वारा उपस्थित महिलाओं को पौधों और बीज का वितरण किया गया। सेक्टर प्रभारी सुरेश दुबे ने हरियाली यात्रा का उद्देश्य बताते हुए महिलाओं को पौधारोपण कर पौधों को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया।इस मौके पर प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मनोज मरावी,सचिव तुलसीराम धुर्वे,जीआरएस गुलजार सिंह,श्रीलाल मरावी,कृष्णाचंद्र मरावी,जगत सिंह,गुलाब सिंह,राखी सिंह,मलखान सिंह,संतलाल दीवान,वीरेंद्र सिंह,बलराम दीवान, लालाराम पटेल,विवेक शुक्ला,चंदन सिंह,भागचंद बैगा, जगत सिंह सहित नवांकुर सखियों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## घायल पशुओं के उपचार की व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़



सड़कों पर दुर्घटनाओं का शिकार होकर घायल होने वाले गौवंश के उपचार की समुचित व्यवस्था और पशु चिकित्सक की कमी को दूर करने की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

बजरंगदल के लाला सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि बरसात के दिनों में सूखी जगह की तलाश में गौवंश रोड का सहारा लेकर रोड पर बैठ जाता है जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। जिसमें जनधन एवं गौ माता को भारी नुकसान होता है। ऐसे में घायल गौवंश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्थाएं की जाएं। घायल गौवंश के उपचार के लिए चिकित्सा की उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। ज्ञापन के माध्यम से आवारा गौवंश को गौशाला भेजने, नगर के आसपास वन, नगर में बैठे गौवंश के गले में हाइलाइट रिबन बंधवाने, नगर में मुनादी करवा कर व्यापारियों एवं निवासियों से रोड में बैठी गायों को रोड से अलग करने की अपील करने, हर पांच ग्राम के बीच में एक वेटरनरी डॉक्टर या सहायक विकित्सक उपलब्ध कराने, ब्लॉक में पशु चिकित्सक की कमी को दूर करने, जो मवेशी मालिक जानबूझकर अपनी गाय न बांधते हो तो ऐसे लोगों को चिन्हित करके उन पर कड़ी कार्यवाही करने, विजयराघवगढ़ के पास जो दो गौशालाएं प्रशासन द्वारा संचालित हैं उनमें संसाधन उपलब्ध कराने आदि की मांगे रखी गई हैं। एसडीएम महेश मंडलोई को ज्ञापन सौंप कर बजरंगियों ने कहा कि अगर प्रशासन द्वारा 3 दिवस के अंदर कार्यवाही नहीं की जाती तो बजरंग दल विजयराघवगढ़ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य रहेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

*9 अगस्त को मनाया जाएगा पर्व, तैयारियों में जुटी हैं बहनें*

## रक्षाबंधन पर्व को लेकर साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



भाई बहन के प्यार स्नेह के अटूट बंधन में बांधने का त्यौहार 9 अगस्त को धूमधाम से बनाया जाएगा। रक्षा बंधन के पावन त्यौहार में बहने अपने भाई की कलाई ने राखी बांध कर मनाती है एवं प्यार से मिठाई खिलाती है। भाई अपनी प्यारी सी बहनों को खूबसूरत उपहार देते है भाई से मिलने वाले उपहार को पा कर बहनों के चेहरे में खुशियां छा जाती है।

### साप्ताहिक बाजार में रौनक

बड़वारा तहसील की हर साप्ताहिक लगने वाली सावन की बाजार में बहुत ही खास रौनक देखने को मिलती है जिसके लिए दूर दूर से दुकानदार अपने दुकानों को सुंदर सुंदर राखियों, रुमाल, मिठाइयों, कपड़े से सजाते है जिससे बड़वारा तहसील से लगे हुए गांव से आने वाली ग्राहकों को उनके पसंद के अनुसार खरीद सके।

### बहनों को रहता है इंतजार

रक्षा बंधन, जिसे राखी भी कहा जाता है, भाई और बहन के बीच प्यार और सुरक्षा के बंधन का त्योहार है। इस दिन, बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं, जो भाई की रक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना का प्रतीक है। भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं और उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं।

### राखी रूमाल से लेकर मिष्ठान दुकानों में भीड़

रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में विभिन्न प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं, जैसे कि पारंपरिक, फैंसी, और डिजाइनर राखियां। रक्षा बंधन पर मिठाई का बहुत महत्व है। मिष्ठान दुकान संचालकों ने भी विभिन्न प्रकार की मिठाइयों से अपनी दुकानें सजी ली हैं, जैसे कि लड्डू, बर्फी, और गुलाब जामुन। भाई-बहन एक-दूसरे को उपहार देते हैं, इसलिए दुकानों में उपहारों की भी भरमार है, जैसे कि कपड़े, गहने, और एक्सेसरीज़। बहनें अपनी राखी की थाली को सजाने के लिए विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की खरीदारी करती हैं, जैसे कि रोली, अक्षत, और फूल।

#### उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज आयोजित

## 330 विद्यार्थियों ने लिया भाग, विजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का आयोजन किया गया।

### दो चरणों में प्रतियोगिता आयोजित

प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओ ने सहभागिता की। इस प्रतियोगता के लिए 120 टीमों के 360 सदस्यों द्वारा प्रतियोगिता में पंजीयन कराया गया। जिसमें 110 स्कूलो से 330 विद्यर्थियो ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण के लिए प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक लिखित प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 6 सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए किया गया। द्वितीय चरण में दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक मल्टीमीडिया राउंड में शामिल 6 टीमों में से 3 टीम शास. उच्च. मा. विद्यालय वेंकट वार्ड, सिकागो पब्लिक स्कूल कटनी, शास उच्च. मा. विद्यालय कन्हवारा विजेता रहे। जबकि 3 टीमें सांदिपनि विद्यालय कटनी, शास उच्च. मा. विद्यालय बसाड़ी, सांदिपनि विद्यालय उमरिया पान उपविजेता बने।

पूरी प्रतियोगिता में मुख्य आकर्षण का केन्द्र मल्टी मीडिया और एमपी में सिनेमा क्विज रही। जिसमें झटपट सवालों के फटाफट जवाब देकर बच्चों ने प्रतियोगिता के साथ ही अतिथियों और दर्शकों का दिल भी जीता।

इस मल्टीमीडिया राउंड में कौन बनेगा करोड़ पति की तरह ही उत्साह और झलक दिखाई दी। विजेता टीम भोपाल में सितंबर माह में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगी। इसके अलावा बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी पूरे आयोजन को भव्यता प्रदान की।

### प्रतियोगिता में पूछ गए सौ प्रश्न

यह क्विज दो चरणों में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश के पर्यटन, पुरातत्व और संस्कृति से संबंधित 100 प्रश्न पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अलावा पर्यटन प्रेमी और आमजनों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी रखा गया था। कॉमेंट्री के साथ स्कूली बच्चों ने देश भक्ति और अन्य गीतों की एकल व सामुहिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को नई ऊंचाईयां प्रदान की। जिसकी सभी ने खूब सराहना की। क्विज मास्टर के सफल संचालन और प्रस्तुति की पर्यटन विभाग और अतिथियों में प्रसंशा कर आगामी कार्यक्रम हेतु शुभकामनाए दी।

विजेता टीमों को पर्यटन विभाग जबलपुर से आए अतुल वैद्य, जिला शिक्षा अधिकारी कटनी शएस एस मरावि, सहायक संचालक राजेश अग्रहरि उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर प्राचार्य एम किडो क्विज मास्टर डॉ सचिन श्रीवास्तव द्वारा वितरित कर पुरस्कृत किया।

## जहर खुरानी से महिला की मौत, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

जहर खुरानी से एक महिला की मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर लगाए हत्या किये जाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार आकांक्षा तिवारी पति अशोक तिवारी 34 वर्ष निवासी चंद्रमोहन नगर मुंडी टोरिया रांझी जबलपुर शनिवार को जहर खुरानी से मौत हो गई है जिसका स्थानीय पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। मृतिका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उसे मारा है। पुलिस से जांच कर कार्यवाही की मांग की है। मृतका के मायके पक्ष कटनी जिले अंतर्गत ढीमरखेड़ा थाना के सिलौंडी चौकी के ग्राम दशरमन निवासी है। उसके भाई अतुल तिवारी ने बताया कि उसकी बहन आकांक्षा तिवारी की मृत्यु उसके पति अशोक तिवारी सहित ससुराल वालों के कारण हुई है। हमें पूरी शंका है कि यह पूरा षड्यंत्र उसकी ससुराल वालों ने रचा है क्योंकि जहर सेवन की जानकारी हमे लोगों को 2 अगस्त को दी गई जबकि घटना 31 जुलाई की बताई जा रही है। हमारे द्वारा अनेकों बार फोन भी किया गया लेकिन फोन नहीं उठाया गया। इन सब तथ्यों के आधार पर पूरा शक है कि हमारी बहन के पति अशोक तिवारी और उसके घर वालों ने मिलकर हमारी बहन की हत्या की है। पुलिस से मांग है कि पूरे मामले की जांच करते हुए उचित कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी रांझी उमेश गहलोनी का कहना है कि मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि यह घटना मृतिका के पति के द्वारा हुई है मामले को जांच में लिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य रिपोर्ट आने के बाद जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**पन्ना।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम ने रविवार को पन्ना नगर के अस्पताल चौराहा स्थित केसरवानी स्वीट्स एवं बल्देव स्वीट्स का निरीक्षण कर पेड़ा एवं मिठाई के सैम्पल लिए। इस दौरान नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यवाही की गई। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### लाड़ली बहनों को 7 अगस्त को मिलेगी 250 रूपए अतिरिक्त राशि

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रक्षाबंधन पर शगुन के रूप में लाड़ली बहनों को गुरूवार, 7 अगस्त को 250 रूपए की अतिरिक्त राशि प्रदान करेंगे। यह राशि प्रतिमाह मिलने वाली 1250 रूपए से अतिरिक्त होगी। इससे पन्ना जिले की लाड़ली बहनें भी बड़ी संख्या में लाभांवित होंगी।

### सहकारिता समिति के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

#### 11 दिवसीय सांकेतिक आंदोलन शुरू

**पन्ना।** सहकारिता समिति शाहनगर के कर्मचारियों ने अपनी लंबित माँगों और समस्याओं के निराकरण की माँग को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। कर्मचारियों ने हाथों पर काली पट्टी बाँधकर अपने-अपने कार्यस्थलों पर नियमित रूप से कार्य करते हुए प्रशासन और शासन के खिलाफ सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। यह विरोध प्रदर्शन आगामी 11 दिनों तक जारी रहेगा, जिसके तहत सभी कर्मचारी काम के साथ-साथ विरोध भी जारी रखेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे वे लंबे समय से असंतुष्ट हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को उग्र रूप देने पर भी विचार किया जा सकता है। कर्मचारी संगठनों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान की माँग की है।

### सागौन की सिल्लियों सहित वाइक को जप्त कर दो आरोपी को पकड़ा

**पन्ना।** 3 अगस्त को बीती रात लगभग 3 बजे बाइक से सागौन की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई। डिप्टी रेंजर उमेश यादव ने बताया कि पन्ना वफर जोन के नवागत रेन्ज प्रभारी राहुल सिंह सिकरवार को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति सागौन की तस्करी कर रहे है इस पर वन अमले को मुस्तेद करते हुए अपने नेतृत्व में सबदुआ बीट क्रमांक 178 से सागौन की लकड़ी काट कर अवैध रूप से परिवहन करते हुए 4 सागौन की सिल्लियों के साथ एक वाइक जप्त करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है।

# मुक्तिधाम को सुंदर, हरा-भरा बनाने का समाजसेवियों ने लिया संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के गौरीशंकर मुक्ति धाम को सुंदर व भरा भरा बनाने की मुहिम नगर के समाजसेवियों द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार चलाई जा रही है रविवार की सुबह सभी लोग अपना समय निकालकर मुक्तिधाम में एकत्रित होकर श्रमदान कर साफ सफाई पौधो का संरक्षण करते हैं इसी श्रंखला में रविवार को सैकड़ो फलदार पौधे रोपकर सुरक्षा की जिम्मेदारी ली गई। समाजसेवी रामकुमार राय ने बताया मुक्ति धाम सेवा समिति के बैनर तले नगर के गणमान्य नागरिकों के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने पौधारोपण कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। पंडित राजाराम गोस्वामी बताया कि दिनों दिन बढ़ती आबादी और प्रदूषण से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है। मुक्तिधाम में रोजाना अंतिम संस्कार होते है। लेकिन यहां पर सिर्फ कटीले पेड़ है समाजसेवियों की पहल से खुशबूदार वृक्षों को रोपित कर नये पौधों लगाने का संकल्प लिया। समाजसेवियों ने बताया कि मुक्तिधाम में ईमानदार ड्यूटीरत चौकीदार बना रहेगा तो मुक्तिधाम में पेड़ पौधे सुरक्षित भी रहेंगे और मुक्तिधाम में चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लग जाएगा इस पर नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा।

इस दौरान डॉ वीरेंद्र मोदी पंडित राजाराम गोस्वामी,मोनू पुष्पेंद्र पांडे, अशोक चंपी चौरसिया, नारायण तंतुवाय,अमृत तंतुवाय,जितेन्द्र राय,रामकुमार राय,मुन्नी पाराशर, सोनू पंडा,केशव प्रजापति,धर्मेंद्र सेन,प्रकाश तंतुवाय,पुष्पेंद्र रैकवार, पूर्व पार्षद लक्ष्मी सोनी मौजूद रहे।

# स्वयं में शिव समाया है उसे ढूंढने की जरूरत नहीं: पं. वीरेंद्र शास्त्री





**हटा।** नगर के गौरीशंकर मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के छठवें दिवस कथाव्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने कहा कि शिवोहम का मतलब है कि स्वयं में शिव समाया हुआ है। जैसे नस हमारे शरीर में है बस उसे ढूंढ़ने की जरूरत है इसके लिए हमें संयमित होना पड़ेगा। काम, वासना, आसक्ति, तृष्णा से हमें कसना पड़ेगा, कि ये हमारे भीतर प्रवेश न कर जाए। उसके बाद सत्संग की थाप लगाओ और मन को स्थिर कर लो परमात्मा प्राप्त हो जाता है। महाराज जी ने कथा में आगे कहा कि बेटा-बेटी में भेद न करो। जितना अच्छा पढ़ाई बेटों को करते हो उतना बेटियों को भी कराओ। शिक्षा वो पूंजी है जो सफलता के द्वार खोलती है। कमाने से अपने ऊपर खर्च करने का भी क्रम रखिएगा। आखिर में ये शरीर, प्राण छूट गया तो क्या फायदा। मन को साफ करके मंदिर बना लेना मन को साफ करने का सबसे सुंदर तरीका भगवान का मंत्र जाप, नाम जाप करते जाओ तो मन शुद्ध होता चला जाएगा। कथा में आगे बताया कि भारत की भूमि पर जन्म लेने वाला सनातनी सर्वे भवन्तु सुखिना की भावना लेकर कामना करता है। शिव कथा कहती है कि मन साफ कर लेना यानी शिवजी को अपने भीतर प्रवेश कर लेना। उन्होंने कहा कि जब तक संसार में सतीत्व वाली माताएं और गौ माता है, तब तक यहां कभी अकाल नहीं पड़ सकता। हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

### स्वतंत्रता दिवस पर निकलेगी आजाद हिन्द वाहन रैली

**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत रक्षा मंच द्वारा आयोजित आजाद हिंद उत्सव विशाल वाहन रैली का आयोजन इस वर्ष भी किया जाएगा। इस संबंध में स्थानीय नगर पालिका टाउन हॉल मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। अभिषेक सोनी ने बताया कि विगत 14 वर्षों से भारत रक्षा मंच द्वारा आजाद हिंद उत्सव विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी इस विशाल वाहन रैली का आयोजन स्थानीय गांधी चौक से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए स्वतंत्रता स्मारक नगर पालिका टाउन हाल में समाप्त होगी। बैठक का उद्देश्य वाहन रैली के संबंध में विभिन्न तैयारीओं को लेकर चर्चा हुई। बैठक में प्रमोद विश्वकर्मा, अनुपम सोनी, अभिषेक सोनी, विक्रम साहू, अखिलेश सिंह घोषी, हर्ष पटेल, रोशन पाठक, राहुल सोनी, मनदीप बग्गा, देवेंद्र ठाकुर, विशाल चौबे, गौरव सोनी, मृत्युंजय पाठक, अंकित सोनी, प्रदीप परिहार, निक्की सोनी, अनुज सोनी, राहुल चौरसिया, कम्मू सोनी, ऋषभ राय, सोनू सोनी, कृष्णकांत सोनी,उदित सोनी, आदि की उपस्थिति रही।

### अजयगढ़ में लगा आधार शिविर

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में अजयगढ के सलैया, बरियारपुर भूमियान, कगरेकावारा एवं तरौनी में 28 जुलाई से 2 अगस्त तक शिविर का आयोजना किया गया। जिसमें 202 लोगो का आधार अपडेशन हुए जिसमें कई गरीबो की पेशन चालू हो सकेगी एवं बच्चो के स्कूल से उनको सहायता मिल सकेगी। अजयगढ शिविरो में समर्थन संस्था ने विभागीय समन्वय बनाकर उसी दौरान जनकल्याणकारी योजनाओ को लेकर साथ में शिविर लगाया जिससे एक गांव में दो आपरेटर होने से एक दूसरे को मदद मिली और ज्यादा से ज्यादा आधार बन सके एवं आधार का अपडेशन भी हुआ। आधार आपरेटर दिनेश एवं अशोक ने आधार शिविर में पूरा समय दिया ,नेटवर्क के बाबजूद 50 प्रतिशत से ज्याद कार्य पूरा किया गया। सलैया की राधा सिंी गोंड की वर्षो से बन्द पेशन चालू हुई वही बरियारपुर में दिव्यांग बच्चियो के आधार बनने से उनको सहायता राशि मिल सकेगी। सलैया में 80 ख्बरियारपुर में 62,कगरेकावारा में 29 तरोनी में 31 कार्ड अपडेट और बने। जनपद अजयगढ के मुख्यकार्यपालन अधिकारी सतीष नागवंशी समर्थन से दीपक, सतीष एवं रामशुभाष ने आधार आपरेटर दिनेश एवं आशोक का सहयोग किया। 6 दिवशीय कैम्प में ग्राम पंचायते एवं समर्थन के पंचायत मित्रो ने भरपूर सहयोग किया।

नुकसान की शीघ्र भरपाई कराने शासन से की मांग

# बाढ़ पीड़ितों की मदद में समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर निभाई सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम झमरा, खमतरा, सारसबगली, चोर खमरिया, सर्रा, भैंसा, सरसेला, मादो जैसे अनेकों ग्राम विगत दिनों भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए थे। जिससे लोगों के मकान खेत खलिहान मवेशी एवं घर गृहस्ती के सामान सहित भारी नुक़सान हुआ है और लोगों के सामने रहने खाने तक की गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसे पीड़ितों की मदद के लिए अन्य समाज सेवायों के साथ जबेरा निवासी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए पीड़ितों के बीच पहुंचकर भोजन और खाद्यान्न सामग्री वितरित करते हुए पीड़ितों का हाल-चाल जाना। लगातार तीन दिनों तक बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर भोजन और खादय सामग्री वितरित करते हुए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने बताया कि बाढ़ से लोगों का सब कुछ तबाह हो गया है खेत मकान मवेशी घर गृहस्ती का सामान बर्बाद हो गया है और लोगों के सामने रहने खाने की भीषण समस्या बनी हुई है ऐसी भीषण संकट की घड़ी में हम सभी का कर्तव्य है की पीड़ितों की हर संभव मदद करें। साथ ही जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री सोनी ने शासन से मांग करते हुए कहा है की बाढ़ में लोगों का जो भी नुकसान हुआ है उसका शीघ्र सर्वे कराकर यथासंभव सहायता प्रदान की जाए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, दिनेश शास्त्री, सर्रा सरपंच दिनेश खरे, रवि सोनी, धन सींग गौड़, रानू तिवारी, पवन धनगर सहित अनेको ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# खैर माता मंदिर में महिने भर चला अखंड रामायण पाठ

### श्री राम और शिव की भक्ति का अद्वितीय संगम



**बनवार।** भगवान श्री राम और शिव की भक्ति को समर्पित सावन महीने में बनवार खैर माता मंदिर में एक महीने का अखंड रामायण पाठ एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ जिसमें भगवान श्री राम की महिमा और अद्वितीयता का वर्णन किया गया रामायण की सम्पूर्ण कथा को एक साथ पढ़ने और सुनने का आनंद प्रदान करती है अखंड रामायण पाठ के दौरान भगवान श्री राम और भगवान शिव की भक्ति का विशेष महत्व है। इस अनुष्ठान के माध्यम से भक्त भगवान श्री राम और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करते हैं और अपने जीवन में सुख समृद्धि और सफलता प्राप्त कर सकते हैं सावन के महीने में अखंड रामायण पाठ में पंडितों द्वारा वैदिक पद्धति के अनुसार अनुष्ठान को संपन्न कराया गया जिसका हवन पूजन आज सम्पन्न हुआ। सावन महीने में अखंड रामायण पाठ के माध्यम से भगवान श्री राम और भगवान शिव की भक्ति का महत्व और भी बढ़ जाता है जिससे भक्तों को आध्यात्मिक शांति और संतुष्टि प्राप्त होती है सावन के पवित्र महीने में खेर माता मंदिर में आयोजित अखंड रामायण का समापन एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन था जिसमें श्री राम और शिव की भक्ति का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। पंडित ऋषिकांत गर्ग जी ने इस अवसर पर रामायण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि रामायण न केवल एक धार्मिक ग्रंथ है बल्कि यह हमें जीने की कला भी सिखाती है रामायण के अनुशरण से मनुष्य की जीवन दिशा और दशा दोनों में सुधार होता है रामायण की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने से कई अद्भुत परिवर्तन आ सकते हैं जैसे कि अंगद की तरह अटूट विश्वास विकसित करने से जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है कैकई की तरह निस्वार्थ प्रेम का अभ्यास करने से रिश्तों को मजबूत करने और दूसरों की भलाई में योगदान करने में मदद मिलती है और हनुमान की तरह भक्ति की सरलता को अपनाने से ईश्वर के साथ वास्तविक संबंध बनाने में मदद मिलती है।

# दशरथ प्रसाद साहू बने जिला मीडिया प्रभारी



**जबेरा।** अखिल भारतीय तेली महासभा की यशोदा बेन मोदी राष्ट्रीय महिला संरक्षक, रविकरण साहू राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक, बाबूलाल राठौर राष्ट्रीय अध्यक्ष, गिरधारी लाल राठौर मध्य प्रदेश प्रभारी, हीरालाल बलसोरा संरक्षक, लक्ष्मण साहू राष्ट्रीय महासचिव एवं समरथ साहू एडवोकेट प्रदेश महासचिव की सहमति से दशरथ प्रसाद साहू को दमोह जिला मीडिया प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी अध्यक्ष दशरथ प्रसाद साहू ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन के हित में निरंतर कार्यरत रहूंगा। साथ ही दमोह जिले की चारों विधानसभा और सातों तहसीलों में जल्द ही मीडिया प्रभारी नियुक्त कर उन्हें अपने दायित्व सौपकर समाज हित में योगदान देकर कीर्तिमान फैलाएंगे। दशरथ प्रसाद साहू के जिला मीडिया प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सुनील साहू, लखन मोदी, नरेश साहू, पराग साहू, पियूष साहू, अखिलेश साहू, राकेश साहू, अजीत साहू, सुखनंदन साहू, अनिल साहू, महेश साहू, पंकज साहू, संतोष साहू, आशीष साहू सहित अनेकों समाज जन बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# नर्मदा जल भरकर आज बांदकपुर पहुंचेंगे कावड़िये



**तेंदूखेड़ा।** सावन की चौथी सोमवार को नर्मदा जल भरकर भेड़ाघाट से नंगे पैर कावड़ लेकर चल रहे कावड़िया जागेश्वर नाथ को जल अर्पित करने बांदकपुर पहुंचेंगे। लगभग 120 किलोमीटर की यात्रा करके प्रत्येक वर्ष सावन माह में लाखों कावड़िया कावड़ यात्रा लेकर निकलते हैं जिनका जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत कर उनके जलपान ठहरने की व्यवस्था क्षेत्र वासियों द्वारा अलग-अलग जगह पर की जाती है। शुक्रवार की रात्रि अनेक कावड़ियों ने नगर में बिताने के बाद शनिवार की कल सुबह यहां से प्रस्थान किया नगर तेंदूखेड़ा से कावड़ यात्री अलग-अलग जथ्थे में निकले बम बम भोले का जयकारा लगाते हुए कावड़ यात्री कंधे पर कावड़ लेकर चल रहे थे जिनकी वेशभूषा भी एक सी थी ।

# नुक्कड़ नाटक 'मानसून का सच' का किया प्रभावशाली मंचन



**दमोह।** ओजस्विनी स्कूल पर एक्सीलेंस के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा "मानसून का सच" विषय पर एक जागरूकता नुक्कड़ नाटक का शानदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रस्तुति डॉ. अंबेडकर चौक एवं रेलवे स्टेशन, दमोह जैसे सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुत की गई, जिसका उद्देश्य वर्षा ऋतु के दौरान होने वाली समस्याओं जैसे जलभराव, गंदगी, बीमारियाँ एवं उनसे बचाव के उपायों के प्रति समाज को जागरूक करना था। यह आयोजन स्कूल की माननीय चेयरपर्सन डॉ. सुधा मलैया और निदेशक श्रीमती रति मलैया के मार्गदर्शन में, प्राचार्य श्रीमती अंजलि सुंदरम के पर्यवेक्षण तथा स्किट शिक्षक श्री भरत राय के संयोजन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों विपिन रजक, श्रीमती शिवानी चौधरी एवं शुभम स्वर्णकार ने विशेष सहयोग प्रदान किया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

# जिला पंचायत में हुआ विदाई समारोह



**दमोह।** जिला पंचायत दमोह के वाहन चालक गोपाल अग्रवाल अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत हुए। श्री अग्रवाल का विदाई एवं सम्मान समारोह आज जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, मंजू धर्मेंद्र देवलिया, राकेश अग्रवाल सहित समाज के पदाधिकारी एवं परिजनों की मौजूदगी में मंगलम होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे ने किया। इस मौके पर धर्मपत्नी श्रीमती सिया अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, वैश्य समाज दमोह नरेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष राज बहादुर अग्रवाल, अग्रवाल समाज के सचिव विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, सहसचिव जगदीश अग्रवाल, वैश्य महासभा के सचिव किशोर अग्रवाल, पुत्र अमनदीप अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, राकेश हजारी, मोहम्मद सिद्दीकी, डॉ एल एन वैष्णव, राकेश नामदेव, राकेश जैन, आरके पांडे, विष्णु शर्मा, अनिल जैन, अरविंद असाटी, एसडी पटेल, कीरत सिंह, गणेश सिंह, गोविंद पटेल, शारदा प्रसाद कोरी, प्रदीप कोरी, सम्मानीय मीडियाजन सहित जिला पंचायत सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण तथा परिवार के सदस्य गण मौजूद थे।

# शिलाद मुनि के अयोनिज पुत्र के रूप में जन्मे थे भगवान नंदी: पं. रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय सिविल वार्ड 7 स्टेडियम के पास श्रीमती रीना सोनी रूप कुमार सोनी के निवास पर चल रहे श्री शिव महापुराण कथा के आठवें दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने भगवान नंदी के जन्म की कथा को विस्तार से समस्त भक्तों को श्रवण कराया उन्होंने कहा कि नंदी स्वयं भगवान शिव के अवतार थे जो शिलाद मुनि के यहां नंदी के रूप में प्रकट हुए थे शिलाद मुनि ने अयोनिज पुत्र मांगा था अयोनिज का मतलब होता है जो गर्भ से जन्म ना ले अर्थात प्रकट होवें नंदी के जन्म के विषय में कथा इस प्रकार आई है की यह शिलाद मुनि के पुत्र थे शिलाद मुनि के ब्रह्मचारी हो जाने के कारण वंश समाप्त होता देख उनके पितरों ने अपनी चिंता शिलादमुनि को बताई मुनि योग और तप में व्यस्त रहने के कारण गृहस्थ आश्रम नहीं अपनाना चाहते थे शिलादमुनि ने संतान की कामना हेतु इंद्रदेव का तप कर उन को प्रसन्न किया और जन्म और मृत्यु से हीन पुत्र का वरदान मांगा परंतु इंद्रदेव ने यह वरदान देने में असमर्थता प्रकट की और भगवान शिव को प्रसन्न करने को कहा भगवान शंकर ने शिलाद मुनि की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर स्वयं शिलाद मुनि के पुत्र रूप में प्रकट होने का वरदान दिया कुछ समय बाद भूमि जोतते समय शिलाद मुनि को एक बालक मिला मुनि ने उसका नाम नंदी रखा उसको बड़ा होते देख भगवान शंकर ने मित्र और वरुण नाम के दो मुनि शिलादके आश्रम में भेजें उन्होंने नंदी को देख कर भविष्यवाणी की की नंदी अल्प आयु है नंदी को जब यह ज्ञात हुआ तो वहां महादेव की आराधना से मृत्यु को जीतने के लिए वन में चला गया वन में उसने शिव जी का ध्यान आरंभ किया भगवान शिव ने नंदी के तप से प्रसन्न हुए उन्होने दर्शन दे वरदान दिया कि तुम मृत्यु के भय से मुक्त एवं अजर अमर रहोगे एवं मेरे वाहन बनोगे भगवान शंकर ने पार्वती जी की सम्मति से संपूर्ण गणों के अधिपति के रूप में नंदी का अभिषेक करवाया इस तरह नंदी नंदीश्वर हो गए।

# एक लाख वृक्ष लगा कर माउंट एवरेस्ट तक पहुंचने का लक्ष्य पूरा करेंगे: सुबोध विजय गंगुर्दे






हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पर्यावरण जागरूकता के लिए वृक्षारोपण मिशन, एक लाख किलोमीटर साइकल यात्रा द्वारा, एक लाख वृक्ष लगा कर माउंट एवरेस्ट तक पहुंचने का लक्ष्य पूरा करेंगे, लायन सुबोध विजय गंगुर्दे। इन्होंने 19 जून 2024 से लद्दाख से यात्रा शुरू की। लायंस क्लब इंडिया राष्ट्रीय साइकिलिंग अभियान के बैनर तले अभी तक 8 राज्यों को पार कर मध्यप्रदेश के दमोह शहर के पुरानी हाउसिंग बोर्ड कालोनी में पौधारोपण किया,जिसमें लायंस क्लब अध्यक्ष लायन सौरभ अग्रवाल लायंस क्लब दमयंती अध्यक्ष दीपक अग्रवाल जी राजेन्द्र सिंह बग्गा, सुशील गुप्ता, लक्ष्मी अग्रवाल मनोज टंडन मनीष संगतानी हरिओम दुबे डॉ हरीश खंडेलवाल अशोक छाबड़ा कैप्टन भाई अक्षय सचदेव निशांत चौरसिया,अभिषेक गोयल, सतीश गौरव जैन.ने विजय जी को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। भारतीय सेना, वायु सेना, वन विभाग और राज्यों के अधिकारियों के समर्थन से 35000 से अधिक वृक्षारोपण कर, जुलाई 2027 तक माउंट एवरेस्ट पर पहुंच कर लक्ष्य पूरा करेंगे। लायन सुबोध विजय गंगुर्दे ने बताया कि,यह अभियान केवल एक व्यक्तिगत यात्रा नहीं है,बल्कि एक मिशन है जो सेवा, पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक एकता के हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाता है। लायन मदन अरोरा और दिलीप जैन ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी के निवासियों और लायंस क्लब की ओर से आभार व्यक्त किया।

### ब्रिजेश तिवारी डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**दमोह।** भारत हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में, वरिष्ठ पत्रकार ब्रिजेश तिवारी को यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूनो, इटली द्वारा पत्रकारिता में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह



कार्यक्रम जुलाई 2025 में आयोजित इंडिया इंटेलेक्चुअल क्लेवेक का हिस्सा था और इसमें विभिन्न राजनयिक मिशनों और मीडिया संगठनों के प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित थे। गुलमोहर ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में ब्रिजेश तिवारी को पत्रकारिता में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह मानद उपाधि यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूनो, एक प्रतिष्ठित इतालवी संस्थान द्वारा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक पांडे, निदेशक, चार्ल्स वाल्टर सोसाइटी फॉर इनोवेशन एंड रिसर्च, अजय प्रताप सिंह, निदेशक, मीडिया टुड, और सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल दोसा भी उपस्थित थे, जिन्होंने श्री तिवारी की उपलब्धि का सम्मान किया।

**खबर संक्षेप**

## युवा संगम कार्यक्रम में 57 आवेदकों को ऑफर लेटर वितरित

**दमोह।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, दमोह में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में 190 आवेदकों ने अपना ऑनलाइन पंजीयन कराया था, जिसमें से 115 आवेदक उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में Platinum HR Solutions (Solar Industry) द्वारा आवेदकों का चयन किया गया और 57 आवेदकों को ऑफर लेटर वितरित किए गए। यह कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कंपनी के प्रतिनिधियों ने आवेदकों का साक्षात्कार लिया और उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर चयन किया। हम इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी आवेदकों और कंपनी के प्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हैं। हमें विश्वास है कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा।

## मैनिट टीम ने 6 ब्लैक स्पॉट का लिया जायजा

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा मैनिट भोपाल को लिखे पत्र पर भोपाल से एक टीम दमोह आई और दमोह और उसके आसपास के दुर्घटना ग्रस्त क्षेत्रों के हॉट स्पॉट एवं ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का जायजा लिया। टीम के एचओडी अनुज जयसवाल ने आज 06 ब्लैक स्पॉट यथा तेन्दूखेड़ा के नागबाबा, टावर से 27 मील चौराहा, गौरईया पुल से आईटीआई कालेज बम्होरी, तारादेही तिराहा से भौड़ी मंदिर, मावला पुल से नरगुंवा टेक तथा पंडा बाबा मंदिर के आगे क्षेत्रों का जायजा लिया। स्पॉट निरीक्षण उपरांत टीम भोपाल रवाना हो गई।

### नागमणि आदिवासी टोला के गरीब सड़क की समस्या से हो रहे परेशान

# कंधे पर लादकर मरीजों एवं गर्भवतियों को ढो रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



पटेरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तिंदनी के ग्राम नागमणि आदिवासी टोला के निवासियों को वर्तमान में पक्की सड़क के अभाव में अनेकानेक यातायात संबंधी मूलभूत दिक्कतों से नित जूझना पड़ रहा है। आज हालात ये हैं कि यहां के गरीब, दलित आदिवासियों को महिलाओं की डिलेवरी एवं बीमार होने पर मरीजों को कंधे पर लादकर उपचार हेतु हिण्डोरिया, पटेरा एवं दमोह तक अस्पताल ले जाना पड़ रहा है।

विदित हो कि रविवार को आदिवासी टोला के वृध्द सद्दू आदिवासी की जब अचानक तबीयत खराब हुई । तो उनका उठना बैठना चलना भी इस दौरान दुश्वार था। और उनकी हालात पेट दर्द के चलते काफी गंभीर थी।उन्हें सड़क के अभाव में उनके परिजन और गांव वालों ने खाट पर लिटाकर कंधे पर लादकर कीचड़ से होते हुये दूसरे किसान की निजी भूमि में से जैसे तैसे मुख्य सड़क नागमणि तक लगभग 01 कि.मी. का सफर तय करके बड़ी मुश्किलों के बीच लाना पड़ा। इसके बाद उन्हें आटो वाहन से पटेरा उपचार हेतु जैसे तैसे ले जाना पड़ा। वर्तमान में यहां के स्कूली बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों एवं सभी नागरिकों को नित सड़क सम्बंधी समस्या से कई वर्षों से रूबरू होना पड़ रहा है। सरपंच प्रतिनिधि कमल सिंह ने बताया कि इस सम्बन्ध में जनपद पंचायत पटेरा में प्रस्ताव-आवेदन पत्र सहित कई बार भेज चुके हैं।किंतु अभी भी मांग लम्बित है। इस बारे में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं विधायक उमा देवी से प्रतिनिधि ने बात की तो कलेक्टर ने कहा कि शीघ्र जिला पंचायत सीईओ को आदिवासी टोला की सड़क समस्या निराकरण हेतु भेजते हैं। विधायक ने कहा कि उक्त आदिवासी टोला की सड़क समस्या मेरे संज्ञान में है। शीघ्र इसका निराकरण कलेक्टर एवं सीईओ से बात कर किया जायेगा। आदिवासी टोला के निवासियों,सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

## ब्रिज निर्माण से जमा कीचड़, फिसलकर गिर रहे बाइक सवार



**बनवार।** दमोह जिले के बांदकपुर चौराहा स्टेशन के समीप सेतु निगम द्वारा ब्रिज निर्माण इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। हाल में हुई बारिश के बाद ब्रिज निर्माण स्थल पर सड़क की मिट्टी जम गई है, जो अब कीचड़ में बदल चुकी है। जमा कीचड़ के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं और कई बाइक सवार फिसल कर चोटिल हो चुके हैं। बांदकपुर धाम बुंदेलखंड का एक प्रमुख तीर्थस्थल है, जहां सावन के महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। दमोह, कटनी, पटेरा और हटा को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग चौराहा है, लेकिन ब्रिज की यह स्थिति जिले के प्रमुख तीर्थ स्थल बांदकपुर धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बन रही है। जमा कीचड़ से स्थानीय दुकानदारों का व्यापार भी ठप हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ब्रिज निर्माण के चलते जमा कीचड़ की सफाई कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते सफाई नहीं की गई, तो बड़ा हादसा हो सकता है। बता दें कि बीते वर्ष ब्रिज निर्माण की पिलर के गड्ढे में बनवार निवासी एक युवक की बाइक गिरने से उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी और प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया और ब्रिज निर्माण में बदहाली का दौर जारी है। प्रशासन से जनहित में अपेक्षा की जा रही है कि वह स्थिति को देखते हुए जल्द कार्रवाई करे और जमा कीचड़ को हटवाकर लोगों की आवाजाही सुरक्षित करे। महेंद्र यादव सेतु निगम एसडीओ का कहना है सड़क के गड्ढे तो भरवा रहे और ब्रिज निर्माण से जो सड़क पर कीचड़ जमा हो रहा उसको हटवाते हुए छोटी गिट्टी डलवा देते हैं ताकि लोगों की आवाजाही सुरक्षित तरीके से हो सके।

## कलेक्टर ने किया आव्हानः स्कूलों, छात्रावासों, आंगनवाड़ियों की स्थिति सुधारने में मदद करें

**दमोह।** पिछले दिनों राजस्थान के एक जिले में स्कूल की छत गिरने से कुछ बच्चों का दुखद निधन हो गया वाकई में ऐसी घटनाएं दिल दहलाने वाली हैं! सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से अनेक स्थानों से समाचार आने लगे कि यहां पर भवन में क्रैक है या फिर इसका छज्जा टूट रहा है या फिर इसका सीमेंट उखड़ रहा है और या फिर यह स्कूल बैठने लायक नहीं है। तो मैं आपको 2-3 बाते इसमें जरूर बताना चाहूंगा। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है कि रिपेयर के लिए कोई भवन यथा पहला स्कूल की बिल्डिंग, दूसरा आंगनवाड़ी की बिल्डिंग, तीसरा किचन शेड की बिल्डिंग और चौथी छात्रावासों की बिल्डिंग यह 4 तरह की बिल्डिंगों में प्रमुख रूप से ऐसी स्थितियां होती हैं। जिला प्रशासन ने राज्य शासन से लगातार इस संबंध में जब-जब आग्रह किया है, राज्य शासन से इसके लिए आवंटन प्राप्त होता है और जब राज्य शासन से आवंटन प्राप्त होता है तो रिपेयरिंग के काम किए जाते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले के जनप्रतिनिधियों ने एक बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जिला खनिज निधि जिसको डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड बोलते है, उसका अधिकतम पैसा लगभग 7 करोड़ रुपये यह पूरा पैसा स्कूलों की मरम्मत के कार्य के लिए देना है। जिलेवासियों को यह जानकर खुशी होगी कि यह प्रस्ताव मंजूर कर दिए हैं और लगभग 224 स्कूलों के लिए राशि जारी की जा चुकी हैं और कुछ स्कूलों के लिए और राशि जारी होने वाली हैं इसमें से 50 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में मरम्मत का कार्य पूरा भी हो चुका है और अनेक स्थानों पर यह मरम्मत का कार्य चल रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सरकार और प्रशासन के वित्तीय संसाधनों की अपनी सीमा है, इसके बाद छात्रावासों, आंगनवाड़ियों, किचन शेड का नंबर है, इसके लिए बहुत बड़े पैमाने पर वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है, जिसको एक बार में अरेंज किया जाना संभव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा ऐसा कोई कमरा है जो कि बिल्कुल गिरने जैसी खतरनाक स्थिति में है, उसको तत्काल बंद किया जायेगा। बच्चों को कहीं और शिफ्ट किया जाये लेकिन यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है, टेंपरेरी समाधान है, स्थाई समाधान के लिए रिपेयरिंग की आवश्यकता होगी, जो बहुत ही गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो। इसमें कलेक्टर श्री कोचर ने समाज का सहयोग चाहते हुये कहा दमोह जिले के निवासी आप सभी लोग यहां के किसी ना किसी सरकारी स्कूल से पढ़े होंगे, हो सकता है कि आपने यहां की ही आंगनवाड़ी में शिक्षा प्राप्त की हो या उस आंगनवाड़ी में आपने पोषण आहार प्राप्त किया है या आप छात्रावास में रहे होंगे। आज हो सकता है कि आप बड़े-बड़े पदों पर पहुंच गए हों, आपने अच्छा व्यवसाय खड़ा कर लिया हो, आप किसी अच्छी जगह पर नौकरी करने लगे हो, आपने एक प्रतिष्ठित स्थान समाज के सामने प्राप्त कर लिया हो, तो मुझे लगता है कि यह तेरा तुझको अर्पण का मौका है, जो समाज से हमको मिला उसको लौटाने का एक अवसर है। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी जिलेवासियों से आह्वान किया है कि यदि आप लोग भी आगे आएं और यदि किसी स्कूल, छात्रावास, आंगनवाड़ी भवन में एक कमरा या उससे अधिक कमरे के रिपेयरिंग का काम या कोई छोटा रिपेयरिंग का काम जो आपकी सामर्थ्य के अनुसार हो, चाहे खिड़की ही रिपेयर करानी हो, चाहे थोड़ा सा छज्जा ही ठीक कराना हो, जो आप अपनी सामर्थ्य के अनुसार कर सकते हो। कृपया इसके लिए आप आगे आएं और यदि आप यह काम कराते हैं तो मुझे लगता है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह आपका बहुत बड़ा योगदान होगा।

## तेजगढ़ पुरा झलौन मार्ग के हालत खस्ता



**दमोह।** तेजगढ़ पुरा झलौन मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना से करीब दो ढाई वर्ष पूर्व किया गया था। इतने समय में ही सड़क में गडढो का बोलबाला दिखाई दे रहा है। सड़क की पटरी ऊंची होने से एवं कट जाने से बारिश का पानी भर रहा है जिससे मवेशी पानी पी रहे है। उससे भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगो का कहना है कि जब सड़क पांच साल की ठेकेदार को गारंटी पर निर्माण किया जाता है तो फिर विभाग ठेकेदार से सुधार कार्य क्यों नहीं करा रहा है। शीघ्र सड़क सुधार की मांग स्थानीय नागरिकों ने की है।

## 100 पौधों का किया रोपण



**पटेरा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हटा रोड स्थित मुक्तिधाम पटेरा में लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। नगर परिषद पटेरा, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं भारतीय जनता पार्टी के परिजनों के द्वारा समय दान करके पौधे रोपित किऐ गये 1 श्रमदान करने वालों में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहरवाल, नवांकुर संस्था अध्यक्ष मुन्नालाल अवधिया, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, पार्षद प्रतिनिधि हर प्रसाद चौरसिया, सौरभ ताम्रकार, उपयंत्री नितिन सांडय, परिषद कर्मचारी में नितेश शुक्ला, दिनेश सेन, शुभम ताम्रकार ,सोनू विश्वकर्मा, सुनील वाल्मीकि, गोविंद बाल्मिक आदि लगभग 20 परिजनों द्वारा पौधे लगाए गए1

## कथा में श्रीकृष्ण भगवान की बाल लीलाओं का किया वर्णन



**हिनौताकला।** ग्रामपंचायत भवन हिनौताकलां में चल रही भागवत कथा में कथा वाचक पं श्रीराम महाराज ने कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा की पूतना राक्षसी ने भगवान श्री कृष्णा को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। भगवान कृष्णने पूतना के स्तनपान करते-करतेही बध कर दिया और उसे मोक्ष गति को पहुंचादिया माता यशोदा ने कृष्ण भगवान को पूतना के बच्छ स्थल से उठाकर पंचगव्य गाय के गोबर और मूत्र से स्नान कराया। कथावाचक महाराज ने शंकर भगवान और कृष्णा जी के मिलने की कथा सुनाई। कृष्ण भगवानकी अनेक बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए गोवर्धन पर्वत और इंद्र की घमंड को दूर करने की कथा सुनाई। गोप बालको ने माता यशोदा से शिकायत की कि तुम्हारे लाल ने मिट्टी खाई है तो यशोदा मा ने कृष्ण भगवान से मुंह खोलने के लिए कहा तूने मिट्टी खाई है ऐसा कहने पर भगवान श्री कृष्ण ने अपना मुंह खोल दिया मुख। खोलते ही माता यशोदा ने देखा कि मुखमें चर अचर समस्त जगत विद्यमान है। भगवान श्री कृष्ण को लगा कि मैया ने यदि मरा असली रूप पहचान लिया तो फिर हो चुकी बाल लीला फिरतो वह नारायणरूप मैं ही मेरी पूजा करने लगेगी । यशोदामाता उस घटनाको भूल गई। कथा वाचक महाराज ने कहा कि धनवान व्यक्ति वही होता है जो तन और मन से भगवान की सेवा करें। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव है। भागवत कथा विचार वैराग्य ज्ञान और हरी से मिलने का मार्ग बता देती है। कलयुग में हरिनाम से ही जीवका कल्याण हो जाता है। कथाश्रोता देवी सिंह परिहार ने समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्राम वासियों से कथा श्रवण कर भक्तिलाभ लेने के लिए आग्रह किया है।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए युवाओं ने दी राशन की किट



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के आव्हान पर जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ित लोगों के सहयोग हेतु जिले भर से लोग तन मन धन से सहयोग देकर सेवा में लगे है। इसी क्रम में शहर के वसुंधरा नगर के युवाओं ने सन्मति युवा मंडल के बैनर तले बाढ़ पीड़ितों को सहायता सामग्री जिला प्रशासन के माध्यम से भेजी गई। युवाओं ने राशन की 31 किट बनाकर जिला प्रशासन को दी जिनमें दाल, चावल, आटा, तेल मसाले आदि शामिल है। इस अवसर पर सन्मति युवा मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, बाहुबली जैन, सौरभ जैन, मंजुल जैन, पंकज जैन, सुयश जैन, आयुष जैन, अक्षय जैन, सिद्धांत जैन, दिव्यांश जैन, नीरज जैन, अंकित जैन, अंशुल जैन, आदर्श जैन, आदि शामिल रहे।

## राज्यमंत्री धमेंद्र लोधी के नेतृत्व में कावड़ यात्रा पहुंची देवश्री जागेश्वर धाम बांदकपुर

### शिवजी का पूजन अर्चन एवं जल अभिषेक के साथ कांवड़ यात्रा का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा से विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में उनके अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व चल रही चार दिवसीय कावड़ यात्रा रविवार को देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पहुंची।

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ 31 अगस्त 2025 को मां नर्मदा के पावन तट तिलवाराघाट जबलपुर से किया गया था। जो प्रथम दिवस बोरिया, द्वितीय दिवस जबेरा, तृतीय दिवस मझगुवां मानगढ़ एवं चतुर्थ दिवस देव श्री जागेश्वर नाथ बांदकपुर पहुंची। जहां राज्यमंत्री श्री लोधी, सत्येंद्र सिंह, नीतेन्द सिंह ने कांवड़ियों के साथ भगवान भोलेनाथ का विधि विधान से पूजन अर्चन कर जलाभिषेक किया। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि जबेरा विधानसभा सहित प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि के लिए इस यात्रा का आयोजन किया गया भोपाल में विधानसभा मानसून सत्र के चलते मैं दो दिवस तक इस यात्रा में सम्मिलित रहा। अचानक ही इस यात्रा का ख्याल मेरे मन में आया और मैंने अपने अनुज को जानकारी दी तो उन्होंने दो दिवस के अंदर ही इस यात्रा की रूपरेखा तैयार कर शुभारंभ किया। वही सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहां कि मेरे बड़े भाई माननीय मंत्री जी के निर्देशन में इस यात्रा का आयोजन किया गया अगले वर्ष पूर्ण रूप से रूपरेखा तैयार कर कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों की जगह-जगह स्वागत एवं भोजन की व्यवस्था ग्राम वासियों ने निरंतर की भगवान भोलेनाथ से समस्त क्षेत्र वासियों के लिए मंगलमय और सुखमय जीवन की कामनाएं करते हैं।

अंतिम दिवस यात्रा मझगुवां मानगढ़ से शुभारंभ की गई थी जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाअध्यक्ष श्याम शिवहरे, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष रिंकू जैन, युवा मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष आदित्य राय,सरपंच रीतेश राय,मदन यादव, अंकित राय जिला मीडिया प्रभारी राहुल जैन, अजय राय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## विनयशील ही होता है विद्या का अधिकारीः श्रीविशुद्ध सागरजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



विरागोदय तीर्थ पथरिया में चातुर्मास के दौरान में दिगम्बर जैन पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव जी का ससंघ चातुर्मास में चल रहा है जिसमें प्रतिदिन धर्म सभा का आयोजन होता है। दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्मसभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि विनय एक मानवीय गुण है। विनय सज्जनता की पहचान है। विनय आत्मिक गुण है। विनय उन्नति का आधार है। गुरुओं की विनय सिद्धि का द्वार है। विनयशील मानव स्वयं में ही लोकप्रिय बन जाता है। विनय मानवीय गुण है, विनयवान्‌ स्वस्थ, सुन्दर होता है। जो विनय करना सीख लेता है, वह शत्रुओं को भी मित्र बना लेता है। विनय उच्च-पुरुषों की कुलीन-विद्या है। विनय व्यक्ति को महान बनाता है। विनय आन्तरिक तप है। विनयशील ही विद्या का अधिकारी होता है। विनय करो, सुख से जियो । विनय गुण मानव का मानवीय गुण है। विनयशील ही आत्मिक-विकास कर सकता है। विनय कुलीन- पुरुषों की पहचान है। विनयशील इहलोक एवं परलोक में सुख-शांति को प्राप्त करता है। विनयवान्‌ सर्वोन्नति प्राप्त करता है। विनयवान्‌ पर सज्जनों का विशेष अनुराग रहता है। गुरुजन भी विनयवान्‌ पर प्रसन्न रहते हैं। विनयशील पुत्र अपने जनक-जननी की सेवा कर अपने कुल का उद्योतन करता है। विनयवान्‌ शिष्य शीघ्र ही गुरुता को प्राप्त प्राप्त करता है। आकाश-सी ऊँचाईयाँ प्राप्त करना है, तो नमना सीखो।

### उठना है, तो झुकना सीखो

सर्वलोक विनयवान के वश हो जाता है। जो अपने ज्येष्ठों की विनय करता है, उसकी दुनिया विनय करता है। विनय चाहिए तो विनय करना सीखो। विनयशील गुणग्राही होता है। विनयवान हमेशा गुणों पर ही दृष्टि रखता है। विनयशील अवगुणों पर दृष्टि नहीं ले जाता है। विनयशील हमेशा समीचीन-मार्ग ही अनुसरण करता है। विनयशील को देखकर जन-जन प्रसन्न होता है। उन्नति प्राप्त करना है तो विनयशील बनो, विनम्र बनो।

### राज्यमंत्री लखन पटेल पहुंचे गुरु चरणों में

पथरिया नगर विधायक एवं मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश शासन में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री लखन पटेल ने विरागोदय तीर्थ पहुंचकर पूज्य पट्टाचार्य भगवन की देशना का श्रवण किया। पूज्य पट्टाचार्य भगवन के ससंघ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर पथरिया क्षेत्र सहित अनेकों जगह के श्रृद्धालू मौजूद रहें।

## तीन पहिया ऑटो पलटा, एक दर्जन सवार घायल



**मडियादो।** मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरइया मार्ग पर कल्कुआ के पास सड़क हादसा में लगभग एक दर्जन सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना के बाद मडियादो पुलिस मौके पर पहुंची । घायलों को स्वास्थ्य सेवा 108 ओर पुलिस वाहन मडियादो से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मडियादो लाया गया । वहीं कुछ घायलों को हटा ले जाया गया। घायलों में गंभीर रूप से घायल मुन्नी बाई आदिवासी ने बताया कि वह वर्धा क्षेत्र अंतर्गत इमलिया से घोघरा जा रहे थे। अन्य घायलों ने बताया वाहन क्रासिंग के दौरान तीन पहिया ऑटो पलट गया। बता दे बिना नंबर का तीन पहिया ऑटो वर्धा गांव का बताया जा रहा है। जिसमें क्षमता से अधिक लोग सवार थे। ऑटो पलटने से सुखनंदी आदिवासी, धीरज आदिवासी, काशी आदिवासी, नंदू आदिवासी, हल्की बहु, बबीता आदिवासी, रावरानी, हल्की पति परमू , सहित अन्य कुछ महिलाएं थी जो घायल हुई। वहीं मडियादो पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग ने बताया कि घायलों को स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। जांच जारी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

शपथकर्ता प्रियंका पटेल उर्फ गायत्री प्रजापति पति दिनेश प्रजापति साकिन हटा तह. हटा जिला दमोह मध्यप्रदेश ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम दमोह में एक पालिसी क्रमांक 355277023 है जिसमें मेरा नाम प्रियंका पटेल पति दिनेश प्रजापति लिखा है। यह कि मेरा विवाह दिनेश प्रजापति के साथ हो जाने के बाद ससुराल में मेरा नाम गायत्री प्रजापति रखा गया है और यही नाम मेरे आधार कार्ड एवं बैंक खाता आदि में दर्ज है। यह कि मैं अपनी उक्त पॉलिसी में अपना नाम प्रियंका पटेल के स्थान पर गायत्री प्रजापति पति दिनेश प्रजापति दर्ज कराकर सुधार करवाना चाहती हूं। प्रियंका पटेल एवं गायत्री प्रजापति दोनो नाम वाली मैं एक ही महिला हूं और उक्त दोनों ही नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है। उक्त सुधार के बाद यदि कोई दावा आपत्ति आयेगी तो मैं स्वयं जवाबदार रहूंगी।

शपथकर्ता
प्रियंका उर्फ गायत्री प्रजापति
पति दिनेश प्रजापति निवासी हटा